हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 6 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 पर्यावरण संरक्षण के लिए चला अभियान



12 शिविर में 260 ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### सरढ़ाणा के खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी

**गन्नौर।** सरढ़ाणा गांव के खेतो में लगा बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। चोरी की शिकायत बिजली विभाग के एसडीओं ने पुलिस में देकर चोरी का मामला दर्ज करवाया है। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बिजली विभाग के ग्रामीण कार्यालय के एसडीओं ने बताया कि गत 17 अप्रैल को सरढाणा गांव के खेतों में विभाग का ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। चोरी होने से विभाग को करीब 45 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### पिस्तौल दिखाकर 30 हजार रुपये लूटे

**सोनीपत।** नरेला रोड स्थित प्याऊ मनियारी में मनी ट्रांसफर व मोबाइल दुकानदार के कारिंदे को पिस्तौल दिखाकर दो बदमाश 30 हजार रुपये लूट ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत कुंडली थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मूलरूप से गांव नांगल कलां फिलहाल दिल्ली के गांव मामूरपुर निवासी विक्रम ने बताया कि वह नरेला रोड पर प्याऊ मनियारी के पास रविंद्र दहिया की फोन रिचार्ज और मनी ट्रांसफर की दुकान पर काम करते हैं। शुक्रवार रात को वह दुकान पर थे। उस दौरान दो युवक वहां आए। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। एक युवक ने उनके सिर पर पिस्तौल तान दी और बदमाशों ने काउंटर में रखे करीब 30 हजार रुपये की राशि निकाल ली। विरोध करने पर उन्होंने उसे पिस्तौल का बट मारा।

### केएमपी एक्सप्रेस वे पर चालक की मौत

**खरखौदा।** पीपली गांव के पास केएमपी एक्सप्रेस वे पर गाड़ी का टायर बदल रहे चालक को दूसरे वाहन द्वारा टक्कर मार देने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव सरखापुर लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश निवासी चालक महफूज ने बताया कि वह अशोका लेलैंड गाड़ी में सामान लोड करके गुरुग्राम से जालंधर जा रहा था। रविवार को रात 2 बजे जब वह पीपली गांव के पास पहुंचा तो उसकी गाड़ी के पिछले वाले दोनों टायर फट गए। वह गाड़ी खड़ी करके टायर बदलने लगा। उसका एक साथी निवाड़ी कला इटावा उत्तर प्रदेश निवासी ऋषि बाबू अपनी गाड़ी लेकर आ गया। उसने अपनी गाड़ी रोक कर उसकी गाड़ी के टायर बदलवाने में मदद करने लगा। इस बीच पीछे से एक तेज गति से आई गाड़ी ने चालक ऋषि बाबू को टक्कर मार दी।

# फानों में आग लगाने से फैले धुएं के कारण बस बाइक से भिड़ी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

## हादसे में दो युवक गंभीर, उपचाराधीन

जींद मार्ग स्थित गोशाला के निकट गेहूं के फांसों में लगाई गई आग से सडक पर धुआं फैल गया। आग फांसों से सड़क किनारे घासफूस तक पहुंच गई। इससे हरियाणा रोडवेज की बस और बाइक में भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवकों को नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जींद-गोहाना मार्ग स्थित गोशाला के निकट अज्ञात व्यक्ति ने गेहूं के फांसों में आग लगा दी।

हवा के साथ आग फैल कर सड़क किनारे घासफूस तक पहुंच गई। इससे सड़क पर धुआं फैल गया। गोहाना से जींद जा रही हरियाणा रोडवेज की बस जब गोशाला के निकट पहुंची तो सामने से बाइक आ रही थी। बाइक और बस में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बाइक पर गांव ईशापुर खेड़ा का विक्की पुत्र कंवल सिंह, उसका साथी अंकुश व गांव नूरनखेड़ा का विक्की पुत्र नरेश सवार थे।

हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को गोहाना के नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने विक्की पुत्र कंवल सिहं को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर ही है।

# खेतों में गेहूं के फाने जलने से फूल रही लोगों की सांसें, खानापूर्ति करने में जुटे अधिकारी

**गन्नौर।** फाने जलाए जाने को लेकर भले ही प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा हर साल जागरुकता अभियान चलाने का दावा पाबंदी लगाकर धारा 144 के तहत आदेश जारी किए जाते है लेकिन किसान नियमों को ताक पर रख धड़ल्ले से गेहूं के अवशेष खेतों में जलाए जा रहे हैं। ऐसा करना केवल पर्यावरण को हानि पहुंचाई जा रही है। बल्कि लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं।

किसानों की यह लापरवाही खेत की उपजाऊ शक्ति को कम करने के साथ पर्यावरण प्रदूषण को भी बढ़ावा दे रही है। इसके साथ में सड़क के साथ में खड़े पेड़ भी आग लगने के कारण जल रहे है।

**भूसा तैयार करने के बाद सैकड़ों एकड़ फांस में लगाई है आग:** गन्नौर में हजारों हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई हुई थी। इसमें से 80 प्रतिशत के कारब



कटाई कंबाइन से की गई। जबकि हाथों से कम कटाई की गई। कंबाइन से कटाई के बाद फानों से पहले भूसा तैयार करते हैं। इसके बाद खेत जल्द तैयार करने के फेर में बचे अवशेष में आग लगाई जाती है। गन्नौर से गुमड़ रोड़, बेगा रोड, गढ़ी ााारा रोड़, खेड़ गुज्जर रोड़ पर बाहर खेतों में गेंहू के फांसो में किसानों ने आग लगा दी है।

### पर्यावरण को खतरा : एसडीएम

विभाग अपने स्तर पर पिछले कई दिनों से जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। फाने जलाने से रोकने को लेकर पुलिस केस व दस हजार रुपए जुमार्ने से लेकर तीन माह तक कैद की सजा संबंधित किसान को हो सकती है। एसडीएम निर्मल नागर ने किसानों से आग्रह किया कि वे प्रदूषण बचाव व जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए अवशेष न जलाए ।

# मोबाइल न देने पर बड़े भाई ने छोटे को डंडों से पीट-पीटकर मार डाला

## पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया, आज होगा पोस्टमार्टम

- शराब पीने के बाद दोनों के बीच हुआ था झगड़ा
- सेक्टर-2 स्थित खेत में बनी झोपड़ी में वारदात
- पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई मेडिकल बोर्ड का गठन
- मूलरूप से बिहार के सहरसा के रहने वाले है दोनों



**सोनीपत।** मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी।



**सोनीपत।** शव ले जाते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-2 स्थित खेत में बनी झोपड़ी में शराब पीने बाद मोबाइल को लेकर हुए झगड़े में बड़े भाई ने छोटे भाई की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। सुबह किसान अपने खेत में गया तो शव पड़ा देख बड़े भाई से घटना की जानकारी ली। जिस पर बड़े भाई ने रात को वारदात को अंजाम देना कुबूल किया।

### किसान के बयान पर केस

किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने किसान के बयान पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित विपिन निवासी बिहार हाल में सोनीपत का है। पुलिस ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खानपुर में भिजवाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव फाजिलपुर निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि उनके गांव के सामने खेत है। जहां पर सेक्टर-2 बसाया जाना है। फिलहाल वह जमीन पर खुद की किसानी करते है। उनके खेत में ट्यूबवेल के कमरे पर मूलरूप से बिहार के जिला सहरसा के गांव पहारपुर निवासी गुलशन, उनका भाई पवन व विपिन रहते थे। उनका कहना है कि वह रविवार सुबह आठ बजे खेत में पहुंचे तो ट्यूबवेल के पास गुलशन का शव पड़ा था। वहां पर उसका बड़ा भाई विपिन मौजूद था। विपिन से जब उसने उसके भाई गुलशन के बारे में पूछा तो उसने बताया कि तीनों भाइयों ने रात को शराब पी थी। जिसके बाद पवन दूसरी झोपड़ी में सोने के लिए चला गया देर रात जब उसे अपना मोबाइल नहीं मिला तो उसने गुलशन को उसका मोबाइल देने को कहा। उसने मोबाइल देने से मना कर दिया। जिस पर मोबाइल को लेकर उनका झगड़ा हो गया। उसने डंडे से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसका भाई घायल हो गया। नशा होने के चलते वह सो गया। जब वह सुबह उठा तो गुलशन का शव पड़ा था। कप्तान ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद एसीपी नर सिंह, थाना प्रभारी जयभगवान व जांच अधिकारी एसआई कुलदीप टीम सहित मौके पर पहुंचे। इस दौरान विपिन वहां से भाग निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की। जिसके बाद शव नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया। जहां पर शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भिजवा दिया गया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस ने मामले में कप्तान के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर रात को आरोपित विपिन को गिरफ्तार कर लिया।

### हत्यारोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ चल रही

खेत में शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। टीम ने वारदात स्थल पर पहुंचकर नमूने एकत्रित किए। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में भिजवाया। हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।
जयभगवान, प्रभारी सेक्टर-27 शहर थाना।

# घर से खेलने निकले किशोर का शव जोहड़ में मिला, केस

**खरखौदा।** ब्राह्मण मोहल्ला से लापता आठ वर्षीय बच्चे का शव तीसरे दिन बस स्टैंड के पीछे जोहड़ में निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। कूड़ा डालने गई महिला ने शव को देखकर परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस ने खानपुर कलां मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। साथ ही विसरा जांच को मधुबन भेजा जाएगा। शव के निर्वस्त्र मिलने व कपड़े नहीं मिलने पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

ब्राह्मण मोहल्ले निवासी संदीप उर्फ सोनू का बेटा कार्तिक (8) सरकारी स्कूल में कक्षा चौथी में पढ़ता था। कार्तिक शुक्रवार को स्कूल नहीं गया था। बाद में वह घर से बाहर खेलने चला गया था। उसके बाद वापस घर नहीं लौटा था। मामले का पता लगने पर खरखौदा थाना पुलिस ने भी सोनू के घर पर पहुंचकर जानकारी ली थी और कार्तिक की तलाश की तलाश में जुट गई थी, साथ ही उसके अपहरण का भी मुकदमा दर्ज किया था। मोहल्ले में स्थित एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी की फुटेज में कार्तिक शुक्रवार सुबह 11 बजे दिखाई दिया था। सहायक पुलिस आयुक्त जीत बेनीवाल ने लापता कार्तिक के घर पहुंचकर जानकारी जुटाई थी और खरखौदा थाने के साथ ही क्राइम यूनिट की चार टीमें कार्तिक की तलाश में लगाई थी। रविवार सुबह बस स्टैंड के पीछे जोहड़ में कार्तिक का शव पड़ा मिला। सुबह महिला कूड़ा डालने के लिए जोहड़ के पास गई तो उन्हें एक बच्चे का शव तालाब में दिखाई दिया और उन्होंने इसकी जानकारी घर आकर दी थी। जिसके बाद ही पुलिस ने शव को जोहड़ से बाहर निकलवाया था और उसकी शिनाख्त लापता कार्तिक के रूप में हुई। पुलिस ने खानपुर में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया। कार्तिक का शव जोहड़ में औंधे मुंह पड़ा था। वह पूरी तरह से निर्वस्त्र था। जोहड़ के आसपास उसके कपड़े नहीं मिलना भी मामले में संदेह पैदा करता है। जांच अधिकारी एएसआई वेदपाल ने बताया कि चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम करने के बाद बताया कि कार्तिक के शव पर चोट का कोई निशान नहीं है।



### बोर्ड करेगा पोस्टमार्टम

मेडिकल बोर्ड से कराया है। रिपोर्ट में चोट के निशान नहीं है। पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। विसरा मधुबन भेजा जाएगा। एफएसएल भी अपनी रिपोर्ट देगी।
इंस्पेक्टर अंकित कुमार, प्रभारी खरखौदा थाना।

# जिले में 31 जगह जली पराली सैटेलाइट से मिली लोकेशन

## विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर की जांच शुरू, जुर्माना लगाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में फसल अवशेषों में आगजनी करने से किसान बाज नहीं आ रहे है। विभाग की तरफ से आगजनी की घटनाओं को लेकर सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। रविवार को जिले में अलग-अलग स्थानों से 31 लोकेशन सामने आई है। सैटेलाइट से मिली लोकेशन का भौतिक सत्यापन के बाद कृषि विभाग संबंधित लोगों पर जुर्माना भी लगा सकता है।

### अंतिम चरण में कटाई

इस संबंध में विभाग की तरफ से कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि रबी सीजन की फसलों की कटाई प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। किसान खरीफ सीजन की फसलों की बिजाई व रोपाई के लिए खेतों को पूरी तरह से साफ करने की कवायद में जुट गए है।

### कसी जाएगी नकेल

ऐसे में कुछ किसान फसल अवशेषों में आगजनी भी कर रहे हैं। ऐसे किसानों पर नकेल कसने के लिए सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कृषि विभाग द्वारा भी टीमों का गठन करके उन्हें फील्ड पर उतार दिया है। कृषि विभाग के साथ-साथ ग्राम सचिव व पटवारी भी संबंधित क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर नजर रख रहे हैं। वहीं विभाग किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी करने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक भी कर रहा है। फसल अवशेषों में आगजनी से मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं।

### 1.50 लाख हैक्टेयर में गेहूं की बुआई

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रबी सीजन में जिले में किसानों द्वारा 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल उगाई गई थी। मौजूदा समय में फसलों की कटाई व कढ़ाई का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। किसानों ने इस बार बड़ी संख्या में मशीनों के माध्यम से भी गेहूं की कटाई करवाई है। इसके अतिरिक्त सरसों की कटाई व कढ़ाई का काम लगभग समाप्त हो चुका है। कृषि विभाग ने किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं की मशीन से कटाई करवाने के बाद बचे हुए अवशेषों का तूड़ा बनवाए, ताकि पशुओं के लिए चारे की किसी प्रकार की कमी न रहे। इसके लिए विभाग किसानों को प्रेरित कर रहा है।

### ग्राम स्तर पर टीमों का किया गठन

किसानों को फसल अवशेषों के न जलाने को लेकर समय-समय पर जागरूक किया जाता है। वहीं फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। सैटेलाइट से भी नजर रखी जा रही है। रविवार को आगजनी की 31 लोकेशन प्राप्त हुई है। किसानों का आह्वान है कि फसल अवशेषों को चारे के रूप में इस्तेमाल करे।
डा. पवन शर्मा, कृषि उपनिदेशक, सोनीपत।

# आम सभा की बैठक में भंग की कार्यकारिणी

- सब्जीमंडी कामी रोड के प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सैन भगत मंदिर सभा व परगना 360 नजदीक सब्जीमंडी कामी रोड के प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट संजय कंकरवाल ने की। सभा में 4 फरवरी को संस्था द्वारा पास किए गए प्रस्ताव के अनुसार हाईकोर्ट द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में विचार-वमर्श किया गया। 26 अप्रैल को मंजूर की गई गई हाईकोर्ट के आदेशों की कॉपी प्रस्तुत की गई। इस दौरान नई व पुरानी कायकारिणी को भंग करते हुए रामफल मास्टर, संजय कंकरवाल, रवि कुमार को नए मैम्बर बनाने की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर रणजीत, सुरेश कुमार, वेद, डा. जोनी, प्रदीप कुमार, प्रवेश कुमार, मा. रामफल, रवि कुमार, जयकिशन, अनिल ठाकुर, पवन, जगदीश, विकास देशवाल, रामेहर खत्री, दीपक, रमेश आंतिल आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने पुराने साथी का जाना हालचाल



**सोनीपत।** खरखौदा में शनिवार को विजय संकल्प रैली समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी अचानक गांव झरोठी पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने अपने पुराने साथी एवं पूर्व चेयरमैन अनिल झरोठी के घर पहुंचकर उनका हालचाल जाना। चुनावी चर्चा करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की।

# परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा


थाना कलां मार्ग स्थित जागृति स्थल पर परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह की जयंती पर हवन करके उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अखिल भारतीय दहिया जागृति महासभा के प्रधान बीर पहलवान ने कहा कि कर्नल होशियार सिंह का जन्म 5 मई 1936 को सिसाना गांव में हुआ था।




**खरखौदा।** कर्नल होशियार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते महासभा पदाधिकारी।

### 1971 में पाक को दिया था मुंहतोड़ जवाब

वह वॉलीबॉल के बहुत अच्छे खिलाड़ी थे। बाद में वह जाट रेजीमेंट में भर्ती हो गए। 1965 के युद्ध में बीकानेर सेक्टर में उन्होंने अहम भूमिका निभाकर मेंशन इन डिस्पैच हासिल किया था। 1971 के युद्ध में उन्होंने शकरगढ़ के जरपाल सेक्टर में पाकिस्तानी सेना का मुंह तोड़ जवाब दिया था। मात्र ढाई सौ सैनिकों के साथ पाकिस्तान सेना के 5 हजार सैनिकों को खदेड़ कर 89 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। जिसके कारण उन्हें युद्ध में वीरता हेतु सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। जयंती पर मुन्ना नंबरदार ,रमेश गोपालपुर, अत्तर सिंह खांडा ,महेंद्र सेहरी ,कर्मपाल सिलाना व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# उदास आँखें

*अभी यहाँ घर जैसा खाना मिलता है इसलिए लोग आते हैं। पैसा भी तो बच जाता है सर। और इनके थकान की बात तो निकाल ही दीजिये मन से। ये खेत में काम करने वाली हड्डियाँ हैं। हम लोग थक जाते हैं सर, पर ये नहीं।' मेरी नजरें फिर से उन दोनों से जा टकराईं। बिल अदा कर मैं बाहर निकल आया। मन उस ढाबे में अटक गया है। बहुत देर तक वे उदास आँखें मेरा पीछा करती रहीं।*

कहानी | आशा पाण्डेय



सुबह घर से निकलते समय ही तय कर लिया था कि आतिथ्य भोजनालय में रुक कर नाश्ता कर लूँगा। अमरावती से नागपुर के तीन घंटे के सफर में डेढ़ घंटे बाद पड़ने वाले आम के बगीचों के बीच बना भोजनालय अभी कुछ महीनों पहले ही खुला है। वहां का दही-पराठा बहुत फेमस है। भोजन भी घर जैसा स्वादिष्ट होता है। इस बार मैं भी उस भोजनालय का स्वाद लेना चाहता हूँ।

ड्राइवर को आतिथ्य भोजनालय में रुकने को कह, मैं सीट से सिर टिका कर आँखें बंद कर, आज होने वाली मीटिंग के बारे में सोचने लगा। कई दिनों से कार्य की अधिकता की वजह से सो नहीं पा रहा था, इसलिए आँखें बंद करते ही नींद में चला गया। जगा तब, जब ड्राइवर ने आवाज लगाई – "साहब आतिथ्य भोजनालय" आ गया।"

चौंककर मैंने आँखें खोली– तो मैं डेढ़ घंटा सो लिया ..!

"चलो नाश्ता कर लिया जाए।" ड्राइवर से कह मैं कार से बाहर आ गया।

बाहर गर्म हवाएँ एक झोंके की तरह आम के पेड़ों से टकरा कर बह रही हैं। मैंने घड़ी देखा, सुबह के नौ बजने वाले हैं, लेकिन लग रहा है, दोपहर हो गई हो जैसे। जुलाई की सुबहें कुछ देर बाद ही अपनी नरमाहट भूल कर उमस भरी चिपचिपी हो जाती हैं। भोजनालय में पहुँचकर मैंने चारों तरफ एक नजर दौड़ाई- हरी क्यारियों और गझिन पेड़ों के बीच बाँस की फट्टियों को कलात्मक तरीके से जोड़कर दो-तीन छोटी-छोटी गुमटियाँ बनाई गईं हैं। ग्राहकों के बैठने के लिए पेड़ों के नीचे गोल टेबल और कुर्सियां रखी हैं, वहीं पास में रंग-बिरंगे मटके बड़े करीने से सजे हैं। अभी-अभी हुए पानी के छिड़काव से मिट्टी की सौंधी महक उठ रही है,जो मुझे पीछे किसी याद में ले जाने को मचल रही है। यूँ इस जगह पर आकर मुझे तरो-ताजा और खुश महसूस करना चाहिए, किन्तु न जाने क्यों सब कुछ सूना-सूना और उदास लग रहा है।

मेरे आते ही एक युवक फुर्ती से मेरे पास आया और बड़ी गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मुझे एक टेबल की ओर ले गया। मैं इधर-उधर देख कर एक घने पेड़ की छाँव में बैठ गया। उस टेबल से दस कदम की दूरी पर बाँस से घिरी खुली रसोई है। चूल्हे के पास साठ-पैंसठ वर्ष की एक वृद्ध महिला गुमसुम बैठी है। वह इधर की ओर देख रही है। उसके आस-पास बड़े-बड़े भगोने ढके हुए रखे हैं। चूल्हे से कुछ दूरी पर एक कुर्सी-मेज लगी है। जहाँ एक वृद्ध बैठा है।

भोजनालय में भीड़ नहीं है। बस, एक दो परिवार, जो नाश्ता कर उठने वाले थे, दिखे।

मेरे बैठते ही एक लड़का मेरा टेबल साफ कर पानी का जग और मेन्यू कार्ड रख गया। फिर वह युवक, जिसने बढ़कर मेरा स्वागत किया था, आया।

'बताएं सर, क्या लेना पसंद करेंगे? रस्सा-पोहा, बटाटा बड़ा, दही पराठा ..? जो कहें आप। भोजन करने का मन हो, तो गर्मागर्म झुनका-भाखर भी तैयार मिलेगी।'

'नहीं, अभी भोजन का समय नहीं है, दही-पराठा लगवा दो। उधर ड्राइवर से पूछ लो, वह जो लेना चाहे जल्दी बन तो जायेगा न ?' मैंने घड़ी देखते हुए पूछा।

'जी सर, बस दस मिनट' कहकर वह उस महिला को हांक लगाया- 'फटाफट दो पराठे और दही भेजवा इस टेबल पर।'

वृद्ध महिला की उदास आँखें और उदास हो गईं। वह जलती लकड़ी को चूल्हे में सरका कर आटे की लोइयाँ बनाने लगी। कुछ दूर पर बैठे वृद्ध के चेहरे पर अजीब-सी बेचैनी छा गई। मेरा मन द्रवित हुआ —इस उमर में नौकरी! मजबूरी होगी!

युवक की हांक जारी है- जल्दी कर माँ! एक बन जाये तो थाली लगाकर दे। फिर दूसरा सेंकती रहना।' फिर मेरी ओर मुखातिब होकर बोला – 'सर, एक के बाद एक गरम-गरम मिलता जायेगा आपको। चूल्हे का करारा सिंका पराठा .. मजा आ जायेगा आपको।'

उस महिला के लिए युवक का 'माँ' संबोधन मुझे अच्छा लगा। मैंने सोचा–युवक बुजुर्गों का आदर करना जानता है। मेरे पास से हटते ही उसने फिर से महिला को आवाज लगाई – 'जल्दी भेज इस टेबल पर नाश्ता...अभी तक सिंका नहीं?'

महिला पराठा रखने के लिए प्लेट उठा रही थी। लड़के के बोलते ही न जाने कैसे उसके हाथ से प्लेट छूटकर गिर गई। लड़का चिल्लाया–क्या कर रही है? सबेरे-सबेरे ही तेरे हाथ से बरतन छूट रहे हैं? झूमते हुए काम करती है क्या, जल्दी ला।'

युवक के लिए थोड़ी देर पहले मेरे मन में उपजे विचार तिरोहित हो गए। मैं उस महिला को देखने लगा। प्लेट में दही-पराठा,अचार सजा कर महिला घुटने पर हाथ रख उठी और धीरे-धीरे चलते हुए प्लेट मेरी टेबल पर रख गई। मैं नाश्ता करने लगा। पराठा वाकई स्वादिष्ट बना है। खाते-खाते मेरी निगाहें पराठा सेंकती महिला पर ठिठकती रहीं। चूल्हे की आँच के सामने लाल हुए झुलसे चेहरे की कसक लिए महिला तल्लीनता से पराठा बेलने,सेंकने में जुटी है और एक-एक कर टेबल पर पहुँचाये भी जा रही है।

नाश्ता हो जाने के बाद जब वह प्लेट उठाने आई तब मैंने पराठे के स्वाद का बखान कर दिया। वह कुछ झेपी,हिचकिचाई,फिर प्लेट उठाकर चली गई।

युवक बिल लेकर मेरी टेबल पर आया। आत्मविश्वास से भरी उसकी आँखें चमक रही हैं। उसने पूछा, "सर पराठा अच्छा लगा न ?"

"हाँ यार, बहुत स्वादिष्ट थे पराठे ङ्घ माता जी के हाथों में जादू है ङ्घ पर इस उम्र में नौकरी ..?"

" नहीं सर, नौकरी नहीं ङ्घ ये मेरी माँ हैं। और उधर जो कुर्सी पर बैठे हैं, वे पिता हैं।"

मैं अवाक, बस "अच्छा " कह पाया। ये इसके माता पिता हैंङ्घ. फिर भीङ्घ! मेरी आवाज घुटकर रह गई। "हाँ सर, ये दोनों घर में बैठे बोर होते रहते थे। कुछ काम धंधा नहीं था इनके पास, घर के लोग भी दिन भर वही-वही चेहरा देख देखकर बोर होते थे ङ्घ बस बैठा दिया यहाँ।' कहते हुए लड़का किसी रहस्य- सा मुस्कराया फिर आगे बोला– अब यहाँ दिनभर लोगों के बीच में मन लगा रहता है इनका। एक बाई भी है, आज छुट्टी पर है। दोनों मिलकर सम्भाल लेती हैं। आप तो देख रहे हैं, एक लड़का भी रखा है। आराम से हो जाता है सब।' युवक माँ-बाप की उम्र, थकान, निराशा को न सुनना चाहता है न सोचना। महिला खमोश हो हमारी बातों को सुन रही है। 'ये जगह तुम्हारी है या किराये पर लिए हो?'

> *"बाहर गर्म हवाएँ एक झोंके की तरह आम के पेड़ों से टकरा कर बह रही हैं। मैंने घड़ी देखा, सुबह के नौ बजने वाले हैं, लेकिन लग रहा है, दोपहर हो गई हो जैसे। जुलाई की सुबहें कुछ देर बाद ही अपनी नरमाहट भूल कर उमस भरी चिपचिपी हो जाती हैं।भोजनालय में पहुँचकर मैंने चारों तरफ एक नजर दौड़ाई– हरी क्यारियों और गझिन पेड़ों के बीच बाँस की फट्टियों को कलात्मक तरीके से जोड़कर दो–तीन छोटी–छोटी गुमटियाँ बनाई गईं हैं। ग्राहकों के बैठने के लिए पेड़ों के नीचे गोल टेबल और कुर्सियां रखी हैं, वहीं पास में रंग–बिरंगे मटके बड़े करीने से सजे हैं। अभी–अभी हुए पानी के छिड़काव से मिट्टी की सौंधी महक उठ रही है,जो मुझे पीछे किसी याद में ले जाने को मचल रही है। यूँ इस जगह पर आकर मुझे तरो–ताजा और खुश महसूस करना चाहिए, किन्तु न जाने क्यों सब कुछ सूना–सूना और उदास लग रहा है।"*

मैंने बात बदलने की कोशिश की।

'मेरी खुद की है। बाबा (पिता )ने खरीदा था। हाइवे पर है, तो ख्याल आया कि यहाँ ढाबा शुरू कर दिया जाये तो अच्छी कमाई होगी।'

'वो तो ठीक है, पर एक कुक रख लो यार, माता जी चूल्हे के सामने...थक जाती होंगी। अब इनके आराम के दिन हैं।' न जाने कैसे मेरे भीतर उमड़ता गुबार बाहर आ गया।

'कुक रखने के बाद तो हमारा ढाबा भी अन्य ढाबों जैसा ही हो जायेगा न सर,... अभी यहाँ घर जैसा खाना मिलता है इसलिए लोग आते हैं। पैसा भी तो बच जाता है सर। और इनके थकान की बात तो निकाल ही दीजिये मन से। ये खेत में काम करने वाली हड्डियाँ हैं। हम लोग थक जाते हैं सर, पर ये नहीं।'

मेरी नजरें फिर से उन दोनों से जा टकराईं, जो बेटे की बातों को सुनते हुए उन्हें हजम करने को मजबूर दिखीं।

बिल अदा कर मैं बाहर निकल आया । मेरी गाड़ी नागपुर की ओर आगे बढ़ रही है और मन उस ढाबे में अटक गया है। बहुत देर तक वे उदास आँखें मेरा पीछा करती रहीं।

*(लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*

कविता | अन्नू प्रिया



## खत्म होती उम्र

गांवों के अंधियारे चौबारों में
खेलता हुआ भूखा बचपन
आधार कार्ड पर नाम सही नहीं
मनरेगा में पालकों का
रोज कम मिल रहा श्रमदान
रोज एक पहर भोजन लिए
हर रात भूखा सोता बचपन
हाथ में कलम के बजाए
चौराहे पर खड़े हो पिता संग
मजदूरी खोज रहा यौवन,
महज 50-100 रुपये लिए
धूप में झुर्रियों संग खेतों में
खत्म हो गया मन का सावन
ये भूख की आग ऐसी है कि
दाह-संस्कार से पहले खाते में
टटोले लिए जाते हैं पैसे।
बीमा कंपनी में क्लेम मिल जाए
आंगन में अकड़ा हुआ पड़ा है,
घरवाले बीमा और बंटवारे सोच रहे।
दिल्ली मुंबई लिए सूटकेस-बैग भरे,
जनरल बोगी में ठूंसे हुए अभागे,
सोच रहे सपनों के पूरा होने लिए
निकल पड़े अपने मन के अंधियारे से
गगनचुंबी इमारतों में खोने-गिरने लिए।।

कविता | निधि राठी



## खुशनुमा

हर रोज थोड़ा संवरती है, थोड़ा संभलती है,
इतराती है, आईने से बातें करती है,
हवा सी उड़ती है, खुशनुमा सी हस्ती है,
मिजाज गरम है, लहजा नरम है,
हार जाएगी, ये तुम्हारा भ्रम है,
खिलखिला कर निकल जाती है वो इन तंग गलियों से,
कुछ ऐसे खुदा के उसे पर कर्म है।
पुराने ख्यालों की लड़की है, हल्की सी बिंदी
और गजरे से अपने बालों को सजाती है,
आसमान से बातें करती है, चांद के संग
ठहाके लगाती है, सितारों से बहस करती
है, सूरज को मात देती है, यूं तो फूल सी
नाजुक है पर कांटों से भिड़ जाती है,
यूं ही लोग उसे माया नहीं कहते,
वो मोहब्बत से पत्थर में जान डाल जाती है।
बड़ी गहरी बातें करती है, प्रेम में विश्वास रखती है,
अजीज बना ले अगर किसी को,
तो दिल की बेहद गरीब रखती है,
ठोकरें खाती है,फिर उठ जाती है,
कई बार अपनों से ही मार खाती है,
आहट तक नहीं आती उसकी तकलीफ़ के शोर से,
कुछ इस कदर जज़्बातों को संभाल जाती है।

बाल गीत | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## भारत का गौरव गान

नन्ही मुनी जान हु मैं अतीत का तौफान
भारत का गौरव गान हु मैं वीरों की सन्तान

सुनी कहानी वहीं पुरानी शेरों वाली
दिन का उजाला परखी रात अंधेरे वाली
तम भी थम जाता जब सज रात में मान
भारत का गौरव गान

हमनें जानी कुर्बानी पुर्वजों से पाई
पगडंडी पर पैर धरे सिंधी मिलती राही
लक्ष्य भेदी नजर हमारी केन्द्र पर है ध्यान
भारत का गौरव गान

सत्य अहिंसा प्रम धर्म है अपना
निर्भय निड़र धीर वीर मोत समझते सपना
सबक सिखाकर दुशमन को करें नहीं अभिमान
भारत का गौरव गान

दीन हीन को दिया सहारा अश्रु धारा रोकी है
निर्बल को बल देकर ज्यान स्वम की झोंकी है
महेन्द्र सिंह इस देव धरा को पुजे सकल जहान
भारत का गौरव गान

लघुकथा | सुरेश हिंदुस्तानी



## दुआ का असर

ममता ! अरी ओ ममता ! अरे आज आप ऑफिस से जल्दी आ गए। अरविन्द के चेहरे पर कुछ उदासी के भाव थे। अरविन्द ने कहा ममता जल्दी से बैग में कपडे रखो। हमें शाम की ट्रेन से भोपाल निकलना है। पिताजी की तबियत खराब है। मैंने ट्रेन के दो टिकट ऑनलाइन बुक कर लिए हैं। ममता ने भी वक्त को समझा और झटपट कपड़े निकालने लगी। जनवरी का महीना होने के कारण सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े भी निकाल लिए। तैयारी करते करते साढ़े चार बज गए। अरविन्द ने कहा हमें अभी निकलना चाहिए। ट्रेन छह बजे की है। 15 से 20 मिनट स्टेशन पर ही लग जाते हैं। दोनों बाहर आए और ऑटो रिक्शा करके स्टेशन चल दिए। लगभग 40 मिनट बाद स्टेशन पहुँच गए और ट्रेन पकड़ी। इसी ट्रेन में एक मजदूर दम्पति भी अपने दो छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। जब ट्रेन आगरा से निकली, तब सर्दी ने अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया। मजदूर दंपत्ति पर ठण्ड का असर दिखने लगा था। हाँ मजदूर की पत्नी एक पतला सा शाल ओढ़े हुए थी। बच्चे भी नाम मात्र को गर्म कपड़े पहने हुए थे। मजदूर की हालत देख अरविन्द ने रघुनाथ से पूछ ही लिया कि आप गर्म कपड़े पहन लीजिए। रघुनाथ ने बात को सुनते हुए भी अनसुना कर दिया। तभी अरविन्द ने कहा ममता मेरा वह गर्म बनियान निकाल देना जरा। ममता भी सेवा भावी स्वभाव की थी इसलिए उसने तत्काल ही गर्म कपड़ा निकाल दिया। रघुनाथ ने कहा कि रहने दीजिए साहब। तब अरविन्द ने कहा - मुझे अपना बड़ा भाई समझकर ले लीजिए। इसके बाद रघुनाथ ने धीरे से अपना हाथ बढ़ाया, लेकिन फिर से हाथ रुक गए। अरविन्द ने जबरदस्ती गर्म कपड़ा रघुनाथ के हाथ में रख दिया। अरविन्द ने कहा कि अब इसे पहनो। रघुनाथ को अरविन्द के इस शब्द में अपनत्व दिखा और वह कपड़ा पहन लिया। मजदूर की पत्नी ने अरविन्द को दुआ देते हुए कहा कि भाई साहब आज के जमाने आपके जैसे बहुत कम लोग हैं। अब रघुनाथ को सर्दी का अहसास नहीं था। उसकी बातों में भी खुलापन आ गया। रघुनाथ ने अरविन्द से कहा कि भाई साहब आप इतने अच्छे मन के है तो आपके पिता बहुत अच्छे होंगे। उनको भगवान लम्बी उम्र दे। इतने में ही अरविन्द को अपने पिता का ध्यान आया। अरविन्द ने ममता से कहा कि पता नहीं पिताजी की तबियत कैसी होगी। यह बात मजदूर की पत्नी ने भी सुनी। उसने कहा भाई साहब आपके पिताजी को कुछ नहीं होगा। वो ठीक हो जाएंगे। इतने में ट्रेन में नींद का झोंका आ गया, लेकिन आँखों से नींद दूर ही थी। फिर भी अपनी अपनी सीट पर लेट गए। सुबह पांच बजे ट्रेन भोपाल पहुँच गई। रघुनाथ ने अरविन्द का सामान उतारने में मदद की। उन्होंने स्टेशन से ऑटो किया और घर पहुँच गए। चूँकि पिताजी अस्पताल में भरती थे, इसलिए ममता और अरविन्द अस्पताल चल दिए। अस्पताल में अरविन्द के बड़े भाई प्रवीण भी मिल गए। अरविन्द को देखकर प्रवीण की आँखों में आंसू आ गए। अरविन्द भी किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत हो गया। इतने में ही चिकित्सक आ गए। चिकित्सक ने कहा कि कल रात्रि तक आपके पिताजी की तबियत बहुत खराब थी। कोई दवा भी काम नहीं कर रही थी। अब यह ठीक लग रहे हैं। ऐसा लगता है कि इन पर दवाओं का नहीं किसी की दुआ का असर हुआ है। तभी यह बच गए। वरना हमने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी। चिकित्सक के इतना कहने के बाद ही ममता और अरविन्द के सामने ट्रेन वाले मजदूर के परिवार का चेहरा घूम गया। अरविन्द को महसूस हुआ कि दुआओं का असर होता है।

**साहित्य के प्रति युवा पीढ़ी की घटती रुचि का मुख्य कारण करियर बनाने की गला- काट स्पर्धा है। हमें ऐसा नूतन व गूढ़ सृजन करना होगा जिससे हमारी युवा पीढ़ी में साहित्य के प्रति अनुराग पैदा हो । सकारात्मक प्रयासों से युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ सकते हैं ।**

साक्षात्कार | शशि कांत चौहान


# नूतन सृजन युवाओं में साहित्य के प्रति अनुराग पैदा करेगा: गुलिया

कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण है लेकिन साहित्य दर्पण से भी बढ़कर है क्योंकि दर्पण तो किसी वस्तु का बाह्य रूप दर्शाता है, जबकि साहित्य समाज के अन्तर्मन की अभिव्यक्ति है। साहित्य समाज के मूल्यों का निर्धारक है। यह बात साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कही।

उनका कहना है कि साहित्य समाज का एक सशक्त अंग होता है। साहित्य अतीत से प्रेरणा लेता है, वर्तमान को चित्रित करता है तथा भविष्य का मार्गदर्शन करता है। किसी भी लेखक के लेखन का आरम्भ स्वान्तः सुखाय होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो लेखन रचनाकार का साहित्यिक अभिव्यक्ति में भोगा हुआ यथार्थ होता है। जो एक सुनिश्चित स्वरूप व खास शिल्प में आमजन के सामने आता है। यह गढ़ना या गढ़ने की क्षमता उसे आम से खास बनाती है। राजपाल सिंह गुलिया का जन्म 27 दिसम्बर 1964 को गाँव जाहिदपुर, झज्जर (हरियाणा) में हुआ। उनके पिताजी का नाम श्री धुपल सिंह व माता जी का नाम श्रीमती खीमा देवी है। मेरे मात-पिता पढ़े लिखे भले नहीं थे, मगर ये उनकी दूरदर्शिता का परिणाम था कि उन्होंने बच्चों को न केवल साक्षर बल्कि शिक्षित भी किया। गाँव में पाँचवीं तक की प्राथमिक पाठशाला होने के कारण सभी बहनों को कक्षा पाँच तक पढ़कर ही संतोष करना पड़ा, लेकिन राजपाल ने सन 1984 में नेहरू कालेज झज्जर से बी.ए. पास किया उधर घर वालों ने शादी तय कर दी। परिवार में कोई साहित्यक माहौल नहीं था, मगर कालेज के दिनों में शेरो शायरी का शौक तो था, लेकिन उन्होंने उसे गंभीरता से नहीं लिया । शादी के पश्चात वह 06 दिसम्बर 1985 को भारतीय सेना की सेना शिक्षा कोर में शिक्षा अनुदेशक के पद पर भर्ती हो गए। सेना में सेवाकाल के दौरान दूसरा स्थानांतरण पठानकोट हुआ तो यहीं से लेखन का सूत्रपात हुआ। ब्रिगेड के पुस्तकालय का चार्ज लेते ही लगा कि बरसों की मुराद अब पूरी हुई है। वहाँ पर रामधारी सिंह दिनकर, अमृतलाल नागर, रांगेय राघव, मुंशी प्रेमचंद और भी न जाने कितने स्वनाम धन्य लेखकों की पुस्तकें पढ़ीं, क्योंकि घर में या घर से दूर-दूर तक साहित्य का 'स' तक नहीं था। उन दिनों दैनिक ट्रिब्यून में सोमवार को कथा-कहानी परिशिष्ट आता था। वह भी उस पत्र में लिखना चाहते थे, लेकिन उनके एक शुभचिंतक ने चेताया कि आप सेना में रहते हुए नहीं लिख सकते । सारा जोश ठंडा हो गया। उसने आगे बताया कि आप अपनी पत्नीं के नाम से रचना भेज सकते हैं । एक अनुभवी साथी ने बताया कि आप लिख सकते हैं, मगर उसमें सेना की छवि को धूमिल करने वाली बात या सेना संबंधी कोई सूचना नहीं होनी चाहिए । बस फिर क्या था, 24 जनवरी 1996 को पहली लघुकथा 'डायन ' प्रकाशित हुई । फिर तो सिलसिला चल निकला पंजाब केसरी में 'खबरों की मुरम्मत' कॉलम के लिए साल दो साल खबरों की मुरम्मत भी की। पठानकोट से स्थानांतरण के बाद समाचार-पत्रों में प्रकाशन का सिलसिला बंद हो गया। सेना की घुमंतु व भागदौड़ भरी दिनचर्या ने लेखन लगभग भूला ही दिया। सन 2005 में सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के पश्चात उस्ताद लोगों से छंद का ज्ञान लिया तथा दोहे, कुण्डलिया , बालगीत , कह मुकरी व मुक्तक आदि रचने प्रारंभ किए । मात्रिक ज्ञान डॉक्टर श्याम सखा 'श्याम' व डॉक्टर रामनिवास मानव से लिया तथा कुण्डलिया छंद की बारीकियाँ त्रिलोक सिंह ठकुरेला से जानी। उन्होंने गंभीर लेखन उम्र के उस पड़ाव में प्रारंभ किया जिस उम्र में बहुत से नौजवान शायर ग़ज़ल कहना छोड़कर अपनी घरेलू जिम्मेदारियाँ संभाल लेते हैं। उनके प्रथम दोहा संग्रह 'उठने लगे सवाल' का विमोचन हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 06 नवम्बर 2018 को हरियाणा साहित्य अकादमी सभागार पंचकुला में किया था।

### प्रकाशित पुस्तकें

उनकी अनेक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके विभिन्न विधाओं में लिखी पुस्तकों में उठने लगे सवाल (दोहा संग्रह), इतनी सी फ़रियाद (कुंडलियाँ संग्रह), निर्मल देश हमारा (बाल कविता संग्रह), देगा कौन जवाब (दोहा संग्रह), समकालीन दोहा कोश, दोहा द्वीप, दोहा दर्पण, आधुनिक दोहा, मानक कुंडलियाँ, 101 प्रतिनिधि दोहाकार, दोहे के सौ रंग, दोहे मेरी पसंद के, मनोभाव की अभिव्यक्ति, नयी सदी के दोहे, हिंदी हाइकु कोश, बूँदों की चौपाल, अभिनव कुंडलियाँ , कुंडलियाँ कुसुम, इक्कीसवीं सदी की कुंडलियाँ, आज के दोहाकार,समकालीन कुंडलियाँ शतक, समकालीन दोहा शतक, मन का मनका फेरते तथा दोहा द्वीप आदि शामिल हैं। इसके अलावा देश के स्तरीय पत्र – पत्रिकाओं में भी गुलिया की रचनाओं का निरन्तर प्रकाशन होता रहता है।



राजपाल सिंह गुलिया

### पुरस्कार व सम्मान

राजपाल सिंह गुलिया को विभिन्न प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है, इनमें शब्द गुंजन दोहा सम्मान 2018, निर्मला स्मृति हरियाणा गौरव सम्मान 2019, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, नवसृजन कला प्रवीण अवार्ड, निर्मला स्मृति हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान 2021, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' स्मृति सम्मान, कादम्बरी स्व. भगवती प्रसाद दुबे सम्मान, डॉ. स्वर्ण किरण शिखर बाल साहित्य सम्मान व चौधरी गुगन राम सिहाग साहित्य वाचस्पति सम्मान शामिल हैं। वे दोहा, कुंडलिया, ग़ज़ल, नवगीत, बाल गीत व मुक्तक विधाओं में लिखते हैं।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** राजपाल सिंह गुलिया
**जन्म :** 27दिसम्बर 1964
**शिक्षा :** स्नातक , शिक्षण में डिप्लोमा .
**संप्रति :** सेना शिक्षा कोर में शिक्षा अनुदेशक ( 19 वर्ष ) व हरियाणा शिक्षा विभाग में अध्यापक ( 17 वर्ष ) पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात अब स्वतंत्र लेखन ।

# घटनाओं की विस्तृत जानकारी देती 'समग्र सामयिकी'





**पुस्तक :** समग्र सामयिकी
**लेखक :** नृपेन्द्र अभिषेक नृप
**मूल्य :** 249 रुपये
**प्रकाशक :** किताब राइटिंग

पुस्तक समीक्षा | मनीषा मंजरी

आलेख लेखन हिंदी साहित्य की एक ऐसी कला है, जिसके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के ज्ञान से पाठकों को अवगत कराने की कोशिश की जाती है। वर्तमान में घटित हो रही घटनाओं को अतीत और भविष्य के प्रभावों से जोड़कर आलेखों को सूक्ष्मता से विश्लेषित किया जाता है। आलेख कला मुख्यतया विवादास्पद मुद्दों पर प्रकाश डालती है जिनके विषय वृहद होते हैं, जैसे राजनीति, पर्यावरण, कानून, विज्ञान- प्रौद्योगिकी, अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, सामजिक, आर्थिक इत्यादि। वैचारिक और बौद्धिक मतभेदों से जूझते समकालीन स्थितियों को समझते हुए प्रसिद्ध लेखक, स्तंभकार, निबंधकार एवं शोधार्थी नृपेंद्र अभिषेक नृप अपनी तीसरी पुस्तक 'समग्र-सामयिकी' लेकर आये हैं। जिसमे विभिन्न विषयों पर आधारित पैंतीस आलेखों को कलमबद्ध किया गया है। छह खण्डों में विभक्त ये पुस्तक रोचक मुद्दों की सजग विवेचना करती है। यूँ तो जब ये पुस्तक हाथों में आती है तो सामान्य सी प्रतीत होती है, परन्तु पृष्ठ दर पृष्ठ पलटते हुए कब आप आखरी पन्ने तक पहुँच जाते हैं ये आभास हीं नहीं रहता।

नृपेंद्र अभिषेक अपनी पुस्तक की शुरुआत पर्यावरण सम्बन्धी मुद्दों से करते हैं, जहां उन्होंने पर्यावरण संकट के कारण पृथ्वी को होने वाली क्षति और विनाशकारी प्रभाव की गूढ़ चर्चा की है। उन्होंने इस तथ्य को गहनता से समझाया है कि मानव अपने विकास की तर्ज पर किस तरह धरती का सबसे बड़ा शत्रु बन बैठा है। अपने दूसरे आलेख में वो प्लास्टिक प्रदूषण की सांख्यिकीय विवेचना करते हैं, वहीं जैव-ईंधन के लाभ प्रयासों के बारे में जानकारी देते हैं।

दूसरे खंड की ओर अग्रसर होते हीं विज्ञान और प्रौद्योगिकी से सम्बंधित मुद्दे प्रकाश में आते हैं, जहां उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक आदि जैसे विकसित हो रहे तकनीकों से भविष्य को नयी उम्मीदों की रौशनी को संरचित होते बताया है। विभिन्न रिपोर्ट और आंकड़ों के आधार पर नृपेंद्र अभिषेक भुखमरी के बढ़ते स्तर से अवगत कराते हैं और सरकारी प्रयासों की चर्चा करते हैं। इसी प्रकार वो बाल-श्रम, बढ़ती आबादी, बेरोजगारी और सड़क हादसों जैसे विषयों का सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं। इस तरह ये पुस्तक आर्थिक विषयों के खंड तक पहुँचती है और गिग इकॉनमी, जैविक खेती की चुनौतियों से हमारा परिचय करवाती है।

**खबर संक्षेप**

## सीआईएससीई की 10वीं, 12वीं का परिणाम आज

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को बताया कि आईसीएसई (10 वीं कक्षा) और आईसीएस (12वीं कक्षा) के परिणाम की घोषणा छह मई को दिन में 11 बजे की जाएगी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है।

## गैस रिफिलिंग करते हुए दुकानदार झुलसा



**नई दिल्ली।** राजधानी के गांधी नगर इलाके में एक दुकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते समय रविवार को हादसा हो गया। धमाका होने से रिफिलिंग कर रहा दुकानदार मामूली रूप से झुलस गया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां व पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गांधी नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली थी कि गांधी नगर में एक दुकान में एलपीजी के बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग की जा रही थी।

## मर्डर केस में शामिल दो शूटरों समेत तीन धरे

हरिभूमि न्यूजःनई दिल्ली
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने टिल्लू गिरोह के दो शूटरों समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन पर गैंगवार में हत्या का आरोप है। कुछ दिन पहले अलीपुर इलाके में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने बदमाश नरेंद्र उर्फ ढीलू को गोलियों से भून दिया था। फायरिंग में नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि उसके एक साथी तरूण के पैर में तीन गोलियां लगी थी। तीसरा साथी अमित मौके से भाग निकला था।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करती है ग्राम सुधार समिति खन्दराई

# पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए किया दवाओं का छिड़काव

समिति के सदस्यों ने पौधों को गर्मी में झुलसने से बचाने के लिए उनकी निराई गुड़ाई करके पानी भी डाला



गोहाना। पौधों पर दवाओं का छिडकाव करते हुए समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

ग्राम सुधार समिति खन्दराई के सदस्यों ने रविवार को पौधों पर कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया गया। समिति के सदस्यों ने पौधों को गर्मी में झुलसने से बचाने के लिए उनकी निराई गुड़ाई करके पानी भी डाला गया।

ग्राम सुधार समिति खन्दराई पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करती है। इसके लिए समिति द्वारा गांव में सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण करने के साथ गलियों की साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। समिति द्वारा गांव के आसपास काफी संख्या में पौधे लगा रखे हैं। पौधों का विकास अच्छे से हो सके इसके लिए रविवार को समिति के सदस्यों ने पौधों पर कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया और निराई गुड़ाई करके पानी भी डाला। दवाएं टेलर अनिल ने उपलब्ध करवाई। मार्गदर्शन समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र का रहा। इस सेवा में टेलर अनिल के बेटे हिमांशु, अनुज और देवेन ने अपना सराहनीय योगदान दिया।



गोहाना। पौधारोपण करते हुए संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## समाज कल्याण संगठन के सदस्यों ने लगाए 17 पौधे

- संगठन ने अपने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अभियान के तहत रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

समाज कल्याण कल्याण संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अपने अभियान के तहत रविवार को विभिन्न किस्मों के 17 पौधे रोपे। पौधारोपण बरोदा रोड रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन रोड, सिविल अस्पताल परिसर व रोहतक गेट के समक्ष पंजाबी कालोनी में पौधारोपण किया गया। पौधे सड़क किनारे खाली जगह में किया गया।

समाज कल्याण ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने का बीड़ा उठा रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा पिछले करीब डेढ़ दशक से साप्तहिक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संगठन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाता है। अभियान के तहत संगठन द्वारा अब तक शहर में हजारों की संख्या में पौधे रोपे जा चुके हैं। इस क्रम में रविवार को पौधारोपण किया गया व पुराने पौधों की देखभाल की गई। देखभाल में दो 2 सुखे हुए पौधे के स्थान पर नए पौधे लगाए गए व नए पौधों को ट्री गार्डों से संरक्षित किया गया। पौधारोपण में मुकेश कुमार, पवन, राजेश कुमार, मनोज, सुभाष दरोगा, जगदीश, प्रवीन कश्यप, बिजेंद्र, हरीश, अजीत चौहान व मोनू ने श्रमदान किया।

# आबिद गन्नौर विधानसभा के प्रभारी नियुक्त

- प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनाए जाने पर आबिद अली, मो. इरशाद और जिला उपाध्यक्ष अलीहसन, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया



अल्पसंख्यक मोर्चा के गन्नौर हलका प्रभारी बनने पर स्वागत करते आबिद अली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गनौर

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा आबिद अली को अपने प्रकोष्ठ का गन्नौर विधनसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अली हसन को सहप्राभारी नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी जी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद ,प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ोली, संगठन मंत्री राजीव जैन, विधायक निर्मल चौधरी, प्रदेश महामंत्री सिकंदर सुलेमानी, जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा का आभार व्यक्त किया। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनाए जाने पर आबिद अली, मो. इरशाद और जिला उपाध्यक्ष अलीहसन, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। आबिद ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदार मिली है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए पार्टी के लिए कार्य करेंगे।

## उम्रकैद की सजा मिलने के बाद की पैरोल जंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आजीवन कारावास की सजा के बाद पैरोल पर बाहर आकर अंडरग्राउंड होने वाले एक शातिर अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इस पर हत्या और लूट का केस दर्ज था। आरोपी तीन साल से फरार था। इसका नाम मोहम्मद आलम बताया गया है। इसे जहांगीरपुरी इलाके से पकड़ा गया। आलम शालीमार बाग थाने के 22 मार्च 2010 को दर्ज हुये हत्या और लूट के मामले में वांटेड था। 17 जुलाई 2012 को रोहिणी फास्ट ट्रैक कोर्ट में इसे जुर्माने के साथ उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। लेकिन बाद में आरोपी पैरोल पर बाहर आकर फरार हो गया था।

# होटल में चल रहा था कैसीनो, नौ लाख जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अपराध शाखा द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल में अवैध कैसीनो का भंडाफोड़ किया गया है। पांच आयोजकों समेत 22 लोग गिरफ्तार हुये हैं। इनसे 9.25 लाख नकदी, 160 कैसीनो टोकन, 16 पासे और 16 ताश की गड्डी जब्त हुई है। पुलिस के अनुसार इंटरस्टेट सेल, अपराध शाखा की टीम के एसआई आशीष को एक फाइव स्टार होटल में अवैध कैसीनो चलने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। जानकारी को और विकसित किया गया और एक टीम बनाई गई जिसमें इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन भी शामिल थे। 5 मई को तड़के लगभग दो बजे होटल पर छापेमारी की गई। जिन दो कमरों में कैसिनो पाया गया, वे अतुल सैनी के नाम पर बुक थे। कमरों की जांच के दौरान, चार आयोजकों सहित 22 व्यक्ति पकड़े गये। चार मुख्य लोगों के नाम अतुल सैनी, सनी बडजातिया उर्फ बबलू (बीसी थाना अंबेडकर नगर), अरुण शर्मा, अजीत कुमार है। इनके पांचवें साथी और मास्टरमाइंड सचिन निवासी कृष्णा नगर, सफदरजंग एन्क्लेव को बाद में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि फाइव स्टार होटल में कमरे बुक कर अवैध कैसीनो चलाया जा रहा था।

# शिविर लगाकर चिकित्सकों ने 217 का जांचा स्वास्थ्य, 66 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भंडार द्वारा शम्भूदयाल स्कूल मे आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप का 217 मरीजों ने लाभ लिया। 217 मरीज शुगर, बीपी, ईसीजी एवं स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें से 77 लोगों की आंखों की जांचनेत्र रोग विशेषज्ञ ने की। इसमें से 13 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। डॉ. वरुण शर्मा द्वारा 32 मरीजों के दांतों का चेकअप किया गया। वहीं 66 लोगों ने रोटरी ब्लड बैंक की टीम के तत्वावधान में रक्तदान किया। इस मौके पर सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला, चेयरमैन वाई के त्यागी, सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता, महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल, डॉ. दीपक, डॉ. रवि, डॉ. पूनम, भारत दुआ, बलराज वशिष्ठ, प्रियांशु वशिष्ठ, संजय बेनीवाल,अकांशा, प्रमोद जैन, मनीष बंसल, डॉ. एचके अग्रवाल, डॉ. डीएल मल्होत्रा, विपुल गुप्ता, विवेक गर्ग, अनुज मंगला, अमित सिंगला आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। शिविर के दौरान रक्तदान करते हुए रक्तदाता।

# ग्रीन बेल्ट में कुड़ा डालकर आग लगाने के कारण पर्यावरण संरक्षण बदहाल

- प्रशासन और पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड नहीं कर रहा कार्रवाई
- कंपनी के कर्मचारी खुले में कूड़ा डालकर लगा रहे आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री संचालक पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सजग दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी उद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान नवीन ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं, लेकिन उनसे निकलने वाले कूड़े को डंपिंग जोन में डालने की बजाय खुले में डाल रहे हैं। इतना ही नहीं कंपनी के कर्मचारी सुबह और रात के समय कूड़े को खुले मे डालकर उसमें आग लगा कर भाग जाते है। पर्यावरण संरक्षण की बदहाल स्थिति का आलम यहा तक भी है कि फैक्ट्रियों का कूड़ा कई बार ग्रीन बेल्ट में जला दिया जाता है, जिससे गांव के पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन आज तक प्रशासन और पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड ने इस बारे में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की।



एचएसआईआईडीसी बड़ी में ग्रीन बेल्ट में कुड़ा डाल कर लगाई गई आग।

### एक एकड़ में बने डंपिंग जोन में डालें कूड़ा : देशवाल

एचएसआईआईडीसी के वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में करीब 650 औद्योगिक इकाई हैं जिनसे निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए एचएसआईआईडीसी द्वारा डंपिंग जोन बना रखा है। डंपिंग जोन करीब एक एकड़ भूमि पर बनाया गया है। जिसकी चार दिवारी भी की गई हैं। नियमानुसार फैक्ट्रियों से निकलने वाले कूड़े को डंपिंग जोन में डालना होता है, लेकिन कुछ फैक्ट्री संचालक खुले में कूड़ा डलवाने से बाज नहीं आते। उन्होंने कई फेक्ट्री संचालको पर जुमार्ने भी लगाया है। इसकों लेकर अधिकारी सख्त है।

# जांगिड़ ब्राह्मण समाज के निर्धन वर्ग की मदद करेगी महासभा

- कार्यक्रम में सतबीर जांगड़ा एवं उनकी जिला की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह जांगड़ा का शपथ एवं अभिनंदन समारोह रविवार को रोड धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह जांगड़ा व विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा रहे। वही कार्यक्रम में सतबीर जांगड़ा एवं उनकी जिला की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई व अतिथियों का फूल माला से स्वागत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इधर, प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा ने कहा कि जांगड़ा समाज के 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को महासभा 2100 रुपए नगद व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेगी। समाज के होनहार बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक मदद की जाएगी। समाज की गरीब विधवा की बेटी की शादी में 11 हजार रुपये कन्यादान के रूप में सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर सतपाल जांगड़ा, रमेश चंद जांगड़ा, सत्यदेव आर्य, राजेंद्र आर्य जगदीश चंद्र जांगड़ा संरक्षक, रामपाल जांगड़ा, अजय सिंह जांगड़ा, रमेश जांगड़ा, परमवीर जांगड़ा, पवन जांगड़ा, कुलदीप जांगड़ा ओमप्रकाश जांगड़ा, जय भगवान जांगड़ा, जगत सिंह जांगड़ा, कृष्ण लाल जांगड़ा, धर्मपाल जांगड़ा, प्रदीप जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, महेंद्र, मनीष, संदीप, विनोद, धर्मवीर, उमेद, ओम प्रकाश व इंद्र सिंह जांगड़ा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह जांगड़ा का अभिनंदन दृश्य। फोटो :हरिभूमि

## आईटीआई में दाखिले शुरू

**पानीपत।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल इंट्री स्कीम में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल एवं उपप्रधानाचार्य जसबीर सिंह ने बताया कि इस संस्थान में पांच शाखाओं केमिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और टेक्सटाइल टेक्रोलॉजी में तीन वर्षीय डिप्लोमा करवाया जाता है।

# अंगदान दर में सुधार के लिए आईसीयू में मस्तिष्क मृत्यु के मामलों की निगरानी करें: केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने राज्यों से कहा है कि वे गहन चिकित्सा कक्षा (आईसीयू) में भर्ती मरीजों का मस्तिष्क मृत होने के मामलों पर नजर रखें, क्योंकि ऐसे मामलों की खराब पहचान एवं खराब प्रामाणीकरण के कारण देश में अंगदान की दर निम्न स्तर पर बनी हुई है। राज्यों को दी गई सलाह का उद्देश्य देश में अंगदान की दर को बढ़ाना है। यह दर प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से भी कम है। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने राज्यों को लिखे पत्र में कहा कि भारत में अंगदान की दर लगातार कम (एक वर्ष में प्रति दस लाख जनसंख्या पर एक दाता से भी कम) बनी हुई है। पत्र में कहा गया कि आईसीयू में भर्ती मरीजों का मस्तिष्क मृत होने से जुड़े मामलों पर नजर रखी जाए, क्योंकि ऐसे मामलों की खराब पहचान एवं खराब प्रामाणीकरण के कारण देश में अंगदान की दर निम्न स्तर पर बनी हुई है। मानव अंग ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार, आईसीयू में संभावित मस्तिष्क मृत्यु के मामलों की पहचान करना आवश्यक है। कुमार ने कहा कि इसके अलावा यह जांचना अनिवार्य है कि क्या ऐसे संभावित दाताओं ने अंगदान का संकल्प लिया था और यदि नहीं, तो परिवार के सदस्यों को हृदय गति रुकने से पहले कानून के तहत अंगदान करने के अवसर के बारे में जागरूक किया जाए।



# सेमिनार का मुख्य विषय जीएसटी रेड, निरीक्षण एवं तलाशी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा को पानीपत शाखा के सभागार में चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में एक सेमिनार का आयोजन किया सेमिनार का मुख्य विषय जीएसटी रेड, निरीक्षण एवं तलाशी रहा। चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा ने सभी सदस्यों को आई सी ए आई के द्वारा के मेंबर्स हित मे विभिन्न कंपनियों के साथ चलाई जाने वाली 47 फायदेमंद योजनाओं से अवगत करवाया। सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए अभिषेक राजा राम ने बताया कि जीएसटी विभाग निरीक्षण एवं तलाशी की रेड के समय किनकिन वस्तुओं और दस्तावेज को जप्त कर सकते है। क्या रेड के समय जीएसटी विभाग मोबाइल, फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव आदि लेकर जा सकते हैं या नहीं और उन्होंने इससे भी अवगत कराया कि वह कितने दिनों तक दस्तावेजों को अपने पास रख सकते हैं तथा प्रार्थना करने पर भी आपकी प्रार्थना को अस्वीकार भी कर सकते हैं इससे सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच का संचालन शाखा के सचिव सीए भूपेंद्र दीक्षित ने किया। इसके साथ ही शाखा के अन्य सदस्य सीए आशीष बहल, सीए अंशिका सिंगला, सीए श्रुति गर्ग, सीए कुणाल कथूरिया, सीए रविंद्र झा, सीए नैंसी वोहरा, सीए कविता गोयल, सीए जसवीर डंग रहे।



## बिजली की मांग लगातार पांच हजार मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** गर्मी बढ़ने के साथ ही दिल्ली में बिजली की मांग भी लगातार पांच हजार मेगावाट पार दर्ज हो रही है। रविवार को वीकेंड के बावजूद दिल्ली में बिजली की मांग का आंकड़ा पांच हजार मेगावाट पार 5099 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि एक दिन पहले शनिवार को मांग 5189 मेगावाट रही थी। दूसरी तरफ वीकेंड पर न्यूनतम मांग का आंकड़ा बढ़कर 3516 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि शनिवार को न्यूनतम मांग का आंकड़ा 3485 मेगावाट दर्ज किया गया था। जहां गर्मी बढ़ रही है वहीं बिजली की मांग में बढ़त के चलते लोगों की शिकायत है कि कटौती भी बढ़ने लगी है। लेकिन निजी बिजली आपूर्ति कंपनियां टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस का दावा है कि मांग बढ़ने के बावजूद कहीं कोई कटौती नहीं की जा रही। इनका कहना है कि अभी दिल्ली में मांग पांच हजार के आंकड़े के ही पार पहुंची है।

**विश्व हास्य दिवस** सेक्टर 23 हुडा पार्क में हास्यमेव जयते कार्यक्रम का आयोजन

# गमों का दौर भी आए तो मुस्कुरा के जियो, हंसते रहो : अहलावत

आज के दौर में सेहतमंद रहना है तो हंसना सीख लें:बी एस मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा द्वारा विश्व हास्य दिवस के उपलक्ष्य में हास्यमेव जयते कार्यक्रम का आयोजन हुड्डा पार्क सेक्टर 23 सोनीपत में किया गया। विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सुबह 7 बजे हंसोड़ लोगो की जमात हुडा पार्क सेक्टर 23 में आनी शुरू हो गयी। सूर्य की प्रथम किरण के साथ हास्य कल्ब के सदस्यों ने शहरवासियों के साथ लगाए ठहाके जमकर और हंसी के फव्वारे छोड़े। कार्यक्रम की शुरूआत हास्य मेव जयते के नारे के साथ हास्य द्वारा विश्व शांति होकि प्रार्थना के साथ हुई। क्लब के सदस्यों ने पूरे विश्व में मानवता धर्म के पक्ष में करुणा, मैत्री, भाईचारा हो व पूरा संसार हंसी खुशी के साथ अमन शांति से रहने की कामना की। कार्यक्रम में हास्य कलाकार सेवानिवृत्त चीफ फार्मासिस्ट बीएस मान मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआरए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र सिंह खत्री व समाजसेवी देवेंद्र गर्ग रोहटिया मौजूद रहे। इस अवसर पर फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने बताया कि पूरे विश्व मे हर साल मई महीने के पहले रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे ( विश्व हास्य दिवस ) मनाया जाता है। मुख्यअतिथि हास्य कलाकार बी एस मान ने कहा कि सेहतमंद रहना है तो हंसना सीख लें। आपकी एक मुस्कान शरीर से कई बीमारियों को दूर भगा सकती है। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह, जगदीश गहलावत, बलजीत मलिक, पाले राम, परसराम, बिजेंद्र भटगांव, गोविंद, अमीचंद, सहित हास्य क्लब के सदस्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान हास्य दिवस मनाते हुए क्लब के पदाधिकारी साथ में अतिथिगण।

## खबर संक्षेप



### दुकान में लगी आग सबकुछ स्वाह

**सोनीपत।** मोहन नगर में बीती रात सिलेंडर एवं कुकर मरम्मत की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में सब कुछ स्वाह हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि लोहे के सिलेंडर तक पिघल गए। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और पीड़ित को सांत्वना देते हुए निजी कोष से पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। दुकानदार राजू सहगल ने बताया कि वह उत्तराखंड के रहने वाले हैं और ऋण लेकर काम शुरू किया था। आगजनी के कारण हम बर्बाद हो गए हैं। आग बुझाने के प्रयास में दुकानदार के हाथ पांव भी जल गए। पीड़ित की पत्नी ने बताया कि उनके पास खाने और दवाई तक के पैसे नहीं बचे है। पड़ोसी डॉक्टर जोगिंदर वर्मा ने बताया कि आग बुझाने में पड़ोसियों ने भी मदद की और समय पर आकर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को काबू किया।

फोटो 5 एसएनपी 5. आगजनी की घटना के बाद जानकारी लेते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

### अब तक आ चुके 16 नामांकन, इसमें 3 कवरिंग कैंडिडेट शामिल

# आज नामांकन का अंतिम दिन अब तक 13 प्रत्याशी मैदान में

### कल होगी छंटनी, 9 मई तक वापस ले सकेंगे नामांकन,25 मई को होना है मतदान, साढ़े 17 लाख मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लोकसभा चुनावों के लिये रण सज चुका है। योद्धाओं के नाम भी लगभग तय हो चुके हैं, अब लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में हिस्सा लेने के लिये एक दिन शेष है। नामांकन जमा करवाने के लिये एक ही दिन शेष है, नामांकन प्रक्रिया का सोमवार को अंतिम दिन रहेगा। हालांकि मुख्य पाटियों के प्रत्याशी पहले ही अपना नामांकन दाखिल करवा चुके हैं। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया थमने के साथ ही चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे और उम्मीदवारों को लुभाने के लिए घर-घर जाकर दस्तक देंगे।

चुनाव का बिगुल बजने के बाद 29 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तहत अब तक सोनीपत लोकसभा सीट से 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया 06 मई दोपहर बाद 3.00 बजे तक चलेगी। इसके बाद मैदान में उतरे सभी प्रत्याशी सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी नौ विधानसभाओं में जाकर लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने का प्रयास करेंगे। इस बार लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के साढ़े 17 लाख मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

#### कहां कितने मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जैंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| गन्नौर | 1,03,003 | 88,958 | 00 | 1,91,961 |
| राई | 1,04,436 | 88,876 | 09 | 1,93,321 |
| खरखौदा | 93,430 | 80,832 | 09 | 1,74,271 |
| सोनीपत | 1,24,649 | 1,14,584 | 05 | 2,39,238 |
| गोहाना | 1,01,526 | 88,482 | 10 | 1,90,018 |
| बरोदा | 1,00,897 | 85,545 | 01 | 1,86,443 |
| कुल | 6,27,941 | 5,47,277 | 34 | 11,75,252 |

**नोट : जींद में 1,96,276, सफीदों में 1,91,157 व जुलाना में 1,80,847 मतदाता हैं। सभी को मिलकर लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का कुल आंकड़ा 17,43,532 पहुंच जाता है। यह आंकड़ा 5 मार्च 2024 तक का है।**

#### सोनीपत लोकसभा एक दृष्टि में

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में कुल नौ विधानसभा आती हैं। जिसमें सोनीपत जिले की राई, गन्नौर, सोनीपत, खरखौदा, गोहाना व बरोदा के साथ जींद जिले की जींद, जुलाना और सफीदों विधानसभा शामिल हैं। इन सभी विधानसभाओं में सबसे अधिक मतदाता सोनीपत विधानसभा में हैं। वहीं सबसे कम मतदाता खरखौदा विधानसभा में हैं। नौ विधानसभाओं वाली सोनीपत सीट की नौ में से पांच विधानसभाओं पर कांग्रेसी विधायक हैं। वहीं तीन पर भाजपाई और एक विधानसभा जजपा के खाते में है।

#### यह रहेगा शेड्यूल

- 06 मई नामांकन दाखिल करवाने का अंतिम दिन रहेगा।
- 07 मई को नामांकनों की छंटनी की जाएगी।
- 09 मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।
- 25 मई को मतदान होगा।
- 04 जून को मतगणना की जाएगी।

#### किस पार्टी से कौन प्रत्याशी मैदान में

| प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|
| मोहनलाल बड़ौली | भाजपा |
| गीता | भाजपा (कवरिंग प्रत्याशी) |
| सतपाल ब्रह्मचारी | कांग्रेस |
| जगबीर मलिक | कांग्रेस (कवरिंग प्रत्याशी) |
| भूपेंद्र मलिक | जजपा |
| अनूप दहिया | इनेलो |
| उमेश कुमार | बसपा |
| धर्मवीर | बसपा (कवरिंग प्रत्याशी) |
| बलबीर | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया(कम्युनिस्ट) |
| राकेश धारीवाल | राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी |
| अश्विनी कुमार | क्रांतिकारी पार्टी |
| राधेश्याम | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक |
| दीक्षित खत्री | निर्दलीय |
| रमेश कुमार खत्री | निर्दलीय |
| संत धर्मबीर चोटीवाला | निर्दलीय |
| जगबीर सिंह | निर्दलीय |

### 2019 के बाद से सवा लाख मतदाता बढ़े जिले में

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 23 अप्रैल 2019 तक के रिकॉर्ड के अनुसार जिले की सभी छह विधानसभाओं को मिलाकर 10 लाख 51 हजार 998 मतदाता थे। इसमें गन्नौर के 170581, राई के 170971 खरखौदा के 157936, सोनीपत के 210490, गोहाना के 167894 और बरोदा के 174125 मतदाता शामिल थे। वहीं इस बार के लोकसभा चुनावों में जिले के मतदाताओं की संख्या लगभग सवा लाख बढ़कर 11 लाख 75 हजार 252 तक पहुंच गई है।

### निरंकारी सत्संगों के पूर्व निर्धारित समय बदले

**गोहाना।** शहर और क्षेत्र के गांवों में होने वाले निरंकारी सत्संगों के पूर्व निर्धारित समय मौसम में गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ बदल दिए गए हैं। प्रति रविवार को होने वाले साप्ताहिक सत्संग और दैनिक प्रातःकालीन सत्संगों के समय तबदील कर दिए गए हैं। नए समय तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। निरंकारी मिशन की गोहाना यूनिट के मुखी मुंशीराम अरोड़ा ने बताया कि जो सत्संग हर रविवार को महम रोड पर स्थित निरंकारी सत्संग भवन में होता है, उसका समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर बाद 12:30 बजे से बदल कर 10 बजे से दोपहर 12 बजे का दिया गया है। प्रातःकालीन दैनिक सत्संग का समय पहले सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे था। अब यह समय सुबह 6 बजे से 7 बजे का होगा। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन सत्संग शहर में सत्संग भवन या कहीं भी किसी गांव में अन्यत्र होंगे, उनका समय पहले की तरह से रात के 8 बजे से 9:30 बजे का रहेगा।

## रक्तदान शिविर में 260 ने किया रक्तदान




**गन्नौर।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल के सदस्य।

**गन्नौर।** रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल द्वारा रविवार को शिव पार्क में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्लब के अजय जैन व सचिन वाधवा ने किया। शिविर में 260 यूनिट यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने पर युवाओं को प्रशंसा पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने कहा कि रक्तदान की एक बूंद किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। पूर्व प्रधान अजय त्यागी ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं का हौसला बढ़ाया। त्यागी ने कहा कि क्लब समाज सेवा के बेहतर कार्य कर रहा है। इस अवसर अजय त्यागी, नितिन जैन, गौरव जैन, श्वेत मित्तल, रजत जैन, नितिन बंसल व अन्य मौजूद रहे।

## सबको मिलकर 400 पार के नारे को सफल बनाना है: बड़ौली

- भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए।

भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने रविवार को सोनीपत विधानसभा में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत मिशन चौक पर नवीन मंगला के भतीजे की दुकान के मुहूर्त कार्यक्रम में शिरकत की। उसके बाद सोनीपत की काठमंडी स्थित चौहान हॉस्पिटल वाली गली में जनसंपर्क किया। यहां से गांधी चौक गली नंबर 1, उसके बाद आदर्श नगर और गीता भवन चौक पहुंचकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने अपने चुनाव प्रचार में सभी जगह लोगों से आह्वान किया की देश की ताकत को बढ़ाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी सरकार बनाएं। हम सबको मिलकर अब की बार 400 पार के नारे को सफल बनाना है। जनसंपर्क की अगली कड़ी में लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली नरेंद्र नगर में एक झांकी कार्यक्रम में शिरकत की।

## धर्म और राष्ट्र की रक्षा हेतु कर्तव्यों पर की चर्चा

- आर्य समाज शहर बड़ा बाजार का 107वां वार्षिकोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** हवन यज्ञ में हिस्सा लेते हुए।

आर्य समाज शहर बड़ा बाजार सोनीपत के तत्वावधान में चल रहे 107वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का रविवार को समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान दीपक आर्य ने की। सर्वप्रथम वार्षिकोत्सव में बिजनौर से पधारे विख्यात आर्य भजनोपदेशक, विद्वान, वैदिक मिशनरी नरेश दत्त आर्य के ब्रह्मत्व तथा आर्य पुरोहित सुधांशु शास्त्री के सानिध्य में अग्निहोत्र (यज्ञ) सम्पन्न किया गया। अग्निहोत्र करने के पश्चात संगीत रत्न पंडित नरेश दत्त ने सत्यार्थ प्रकाश के चौथे पांचवें सम्मुलास की व्याख्या करते हुए प्रेरणादायी और सारगर्भित गीतों के माध्यम से वर्णाश्रम व्यवस्था पर प्रकाश डाला। ब्राह्मण और क्षत्रियों द्वारा धर्म और राष्ट्र की रक्षा हेतु कर्तव्यों पर भी चर्चा की। मानव जीवन को सार्थक करने के बारे में उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित और प्रेरित किया। जिसमें नरेन्द्र आर्य तथा संजय आर्य ने भी सहयोग प्रदान किया। मंच का गतिशील, कुशल संचालन संस्था उप प्रधान प्रवीण आर्य ने किया। आज के कार्यक्रम में राजेश धवन सपत्नीक, जितेन्द्र बत्रा सपत्नीक, महेश चन्द्र पाण्डेय सपत्नीक मुख्य यजमानों के रूप में उपस्थित रहे। सभी यजमानों को साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मंडियों में आ चुका है 3,96,299 मीट्रिक टन गेहूं

**सोनीपत।** जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में शनिवार रात तक 3,96,299 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त के अनुसार जिले की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 396299 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 99340 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 187414 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 90422 तथा एफसीआई द्वारा की गई 19123 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 5100 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 3825 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केंद्र पर 1383 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केंद्र पर 5394 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केंद्र पर 12001 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मंडी में 29860 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मंडी में 144136 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केंद्र पर 14700 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केंद्र पर 9090 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 8953 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मंडी में 42688 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केंद्र पर 9860 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केंद्र पर 8727 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केंद्र पर 18460 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 8439 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 17430 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 9732 मीट्रिक टन, सोनीपत साईलो पर 7122 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 29037 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

## प्रकाश दिवस पर कीर्तन कर संगत को निहाल किया




**सोनीपत।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी।



**सोनीपत।** प्रकाश दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संगत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 सोनीपत में श्री गुरु तेग बहादुर साहब का पावन प्रकाश दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारा साहब पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, ललित बत्रा, योगेश पाल अरोड़ा व तरुण देवीदास गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। अमृतसर श्री दरबार साहब से हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह ने संगत को उन्होंने कीर्तन द्वारा निहाल किया। महासचिव परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहब की वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहब में दर्ज है। गुरु जी की बैरागमई बाणी आज भी मनुष्य के जीवन को दिशा निर्देश देती है। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आरडेंट के सहयोग से एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जिसमें 50 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, इस दौरान क्लब के प्रधान डॉ. निखिल चुघ, सुधीर खुराना, डॉ. मंजीत कोर, अतुल कुमार, संजय अरोड़ा, संजय आंतिल आदि मौजूद रहे। गुरुद्वारा साहब की स्त्री सत्संग सभा के सदस्यों ने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया।

## कंसल्टेंसी सर्विसेस कार्यालय से मोबाइल फोन और लेपटॉप चोरी करने की वारदात के आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, अदालत ने आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने कंसल्टेंसी सर्विसेस के कार्यालय से मोबाइल फोन व लेपटॉप चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोनू हाल में आर्दश नगर व मांनी निवासी बगरा बिहार हाल में कोट मोहल्ला सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-14 निवासी विजय ने गत 26 अप्रैल को पुलिस से शि का य त देकर बताया कि उसका गांधी चौक पर लक्ष्मी सर्विस के नाम से कार्यालय है। वह नौकरी दिलवाने का काम करता है। कार्यालय में प्रथम तल व दूसरे तल पर मोबाइल फोन व लैपटॉप रखे हुए थे। जोकि स्टाफ कर्मचारी इस्तेमाल करते है। किसी ने रात को खिड़की की ग्रील उखाड़कर कार्यालय से 20 मोबाइल फोन, पांच लैपटॉप सहित कार्यालय में लगे सीसीटीवी की कैमरें व डीवीआर चोरी कर ली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अशोक की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से 13 मोबाइल फोन चार लेपटॉप बरामद किए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की प्रांत स्तरीय बैठक संपन्न



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की प्रांत स्तर की बैठक रविवार को डीसी जैन एजुकेशन कॉलेज सोनीपत में संपन्न हुई। बैठक में हरियाणा प्रांत से सभी जिलों से 150 से अधिक संगठन के कार्यकताअरं व अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। डॉ. मुकेश कुमार प्रांत महामंत्री हरियाणा, रजनी राष्ट्रीय अध्यक्षा ओजस्विनी, डॉ. राजीव मेहता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरियाणा, डॉ आदेश जैन इंडिया हेल्थलाइन अध्यक्ष सोनीपत हरियाणा, एडवोकेट मुनीष भारद्वाज, क्षेत्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, रामानंद संयुक्त संगठन मंत्री हरियाणा पंजाब, सुखबीर सैनी राष्ट्रीय किसान परिषद प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थिति दर्ज कराई।




**सोनीपत।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

### ओलंपियाड में छाई सविनी, कोमल व प्रियंका

**सोनीपत।** ए वन क्लासेस संस्थान के चार छात्रों ने ब्लूम ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सातवां स्थान प्राप्त किया है। एवन क्लासेस के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि हमारे संस्थान की छात्रा सविनी ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय, प्रियंका ने तृतीय तथा स्नेहा ने सातवां स्थान प्राप्त किया है। विजेता छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए संस्थान ने रविवार को एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि मेहर सिंह आर्य प्राचार्य छोटू राम विद्यालय रतनगढ़, संस्कृत शिक्षक वारीदत शास्त्री, इंद्रजीत पाराशर और उद्योगपति हर्ष पंडित ने विजेता छात्रों को अपने हाथों से पुरस्कार आवंटित किए।

### बोर्ड की परीक्षा में मेरिट प्राप्त विद्यार्थी सम्मानित

**गोहाना।** शहर में चौ. देवीलाल स्टेडियम के निकट स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 की परीक्षा में मेरिट प्राप्त की। स्कूल में तीनों संकायों के टॉपर बच्चों सहित मेरिट लिस्ट में आए सब बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सत्येंद्र दहिया के अनुसार मानविकी संकाय में 95 प्रतिशत अंक के साथ शिवम, विज्ञान संकाय में 89 प्रतिशत अंक के साथ हनी और वाणिज्य संकाय में 85 प्रतिशत अंक के साथ साहिल ने स्कूल में टॉप किया। 14 छात्रों के अंक 80 प्रतिशत और 12 छात्रों के अंक 75 प्रतिशत से अधिक रहे। 79 बच्चों ने प्रथम श्रेणी के 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

### दाखिलों का विवरण 20 मई तक करना होगा अपलोड

# चिराग: पोर्टल पर अपलोड करना होगा दाखिलों का डाटा

- मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी की गई है 506 स्कूलों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए चिराग योजना शुरू की थी। जिसके तहत पात्र विद्यार्थी चौथी से 12वीं कक्षा तक निजी स्कूलों में दाखिला लेकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इन विद्यार्थियों की फीस का भुगतान सरकार की तरफ से किया जाता है। इस चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में किए गए दाखिलों को एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने में स्कूल प्रबंधन रूची नहीं दिखा रहे। जिस कारण मुख्यालय के पास योजना का लाभ उठाने वाले विद्यार्थियों का डाटा नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में मौलिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के 506 विद्यालयों की सूची जारी करते हुए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर चिराग योजना के तहत हुए दाखिलों को एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दिए हैं।

चालू शैक्षणिक सत्र में चिराग योजना के तहत 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चली थी। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 30 अप्रैल तक दाखिला प्रक्रिया चली थी। दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बावजूद अब निजी स्कूल इस योजना के तहत दिए गए दाखिलों का रिकॉर्ड एमआईएस पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रहे हैं। मौलिक शिक्षा निदेशालय ने सभी विद्यार्थियों का रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

#### स्कूलों में चली दाखिला प्रक्रिया

| खंड | स्कूल |
|---|---|
| गन्नौर | 02 |
| गोहाना | 06 |
| कथूरा | 02 |
| खरखौदा | 10 |
| मुडलाना | 05 |
| राई | 02 |
| सोनीपत | 08 |
| कुल | 35 |

#### रिकॉर्ड अपलोड करने के दिए निर्देश

मौलिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी पत्र में सभी डीईओ व डीईईओ को निर्देश दिए हैं कि वह 20 मई तक चिराग योजना के तहत दाखिल हुए सभी विद्यार्थियों का रिकॉर्ड एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए अपने कार्यालय से किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाते हुए विद्यालयों से डाटा अपडेशन की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त करते हुए निदेशालय को अवगत करवाएं। ताकि डाटा अपडेशन अनुसार दाखिल विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का क्लेम विद्यालयों को जारी किया जा सके।

#### स्कूल प्राचार्यों को कराया अवगत

मौलिक शिक्षा निदेशालय ने चिराग योजना के तहत हुए दाखिलों का रिकॉर्ड एमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सभी संबंधित स्कूल प्राचार्यों को अवगत करा दिया है। रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड करने के लिए 20 मई तक का समय दिया गया है।

**-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।**